हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
4 मई 2024, समय 1810

- हरियाणा में आज नामांकन दाखिल करने के छठे दिन विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये।
- बी.जे.पी. प्रत्याशी अशोक तंवर ने सिरसा, धर्मबीर सिंह ने भिवानी-महेंद्रगढ़ और कांग्रेस के दीपेंद्र हुड्डा ने रोहतक लोकसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र भरें।
- जननायक जनता पार्टी के बरवाला हलके से विधायक जोगी राम सिहाग ने हिसार में भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देने की घोषणा की।
- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने कल होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट के लिए सभी तैयारियां मुकम्मल की।

..............................................................................

हरियाणा में आज नामांकन पत्र दाखिल करने के छठे दिन विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये।

आज भिवानी महेंद्रगढ़ से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी धर्मबीर सिंह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र भरने से पहले उन्होंने मीडिया से मुख़ातिब होते हुए अपनी बड़ी जीत का दावा किया और कहा कि देश व प्रदेश के हित एवं विकास को लेकर भारतीय जनता पार्टी की जीत जरूरी है।

उन्होंने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस व क्षेत्रीय दलों ने हमेशा वोट की राजनीति की है। श्री धर्मवीर सिंह के ईलावा आज बी.जे.पी. के कवरिंग उम्मीदवार मोहित चौधरी, बहुजन समाज पार्टी के सुनील शर्मा और जनलोक पार्टी सत्या के प्रत्याशी सुभाष ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये।

..............................................................................

सिरसा लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अशोक तंवर ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में आज अपने नामांकन पत्र भरें।

इस अवसर पर उनके साथ राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, हिसार से बी.जे.पी. प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला और सिरसा से विधायक गोपाल कांडा भी मौजूद रहे। नामांकन के बाद मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में राज्य सरकार द्वारा अब तक किये गए कार्य गिनवाये और सिरसा से कांग्रेस की लोकसभा प्रत्याशी कुमारी शैलजा पर जनहित के कामों का विरोध करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि फसल बीमा योजना लागू होने पर कुमारी शैलजा धरने पर बैठ गई थी।

राहुल गांधी द्वारा गरीब महिलाओं को वार्षिक एक लाख रूपये देकर गरीबी मिटाने के वादे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी ने राजस्थान के चुनाव में भी किसानों का कर्ज़ माफ करने का वादा किया था, लेकिन चुनाव के बाद भी वहां चार हज़ार किसानों ने कर्ज़ के कारण आत्महत्या की और 16 हज़ार किसानों की ज़मीन कुर्क हुई।

उधर रोहतक लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा ने हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभान एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की उपस्थिति में अपने नामांकन पत्र दाखिल किये और बादे में कांग्रेस भवन के पास एक जनसभा को संबोधित किया।

संवाददाताओं से बातचीत में श्री भूपेंद्र हुड्डा ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत का दावा किया। वहीं दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हरियाणा सबसे आगे था।

.................................................................................

करनाल लोकसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी इंद्रजीत सिंह और जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी देवेंद्र कादियान ने अपनी पार्टी के नेताओं की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

बी.एस.पी. प्रत्याशी इंद्रजीत सिंह ने नामांकन भरने से पहले शहर में रोड शो निकालकर प्रदर्शन किया और दावा किया कि बी.एस.पी. अपने बलबूते पर करनाल लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करेगी।

जे.जे.पी. प्रत्याशी देवेंद्र कादियान के साथ नामांकन भरवाने के लिए पहुंचे पार्टी नेता दिग्विजय चौटाला ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर करनाल से प्रत्याशी मनोहर लाल के साथ मिलकर कमजोर उम्मीदवार उतारने का आरोप लगाया, ताकि वे अपने बेटे की जीत सुनिश्चित कर सकें।

.................................................................................

अंबाला संसदीय क्षेत्र से आज भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी नितेश चोपड़ा, जननायक जनता पार्टी के कवरिंग उम्मीदवार क्षितिज पुनिया और भारतीय जनता पार्टी की कवरिंग उम्मीदवार निधि ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए जबकि फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से इंडियन नेशनल लोकदल के सुमित तेवतिया, बहुजन समाज पार्टी के किशन ठाकुर, राष्ट्र निर्माण पार्टी के भारत भूषण एवं मिहिर भोज समाज पार्टी के ज्ञानचंद बैंसला सहित 12 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये।

.................................................................................

जननायक जनता पार्टी के हिसार के बरवाला हलके से विधायक जोगीराम सिहाग ने भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देने की घोषणा की है।

श्री जोगी राम सिहाग ने हिसार में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर हिसार से बी.जे.पी. प्रत्याशी रणजीत चौटाला के लिए प्रचार करने की अपील भी की है। उन्होंने कहा कि देश सबसे ऊपर है और देश के आगे पार्टियां गौण हो जाती हैं इसलिए देश हित में श्री नरेंद्र मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाने के लिए रणजीत चौटाला के पक्ष में मतदान करना आवश्यक है।

श्री जोगीराम ने कहा कि उन्होंने जननायक जनता पार्टी नहीं छोड़ी है, अभी भी वो पार्टी में बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि वे देश हित के लिए बी.जे.पी. प्रत्याशी का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जननायक जनता पार्टी एक परिवार की पार्टी बनकर रह गई है। पार्टी में लगातार उनकी उपेक्षा की जा रही है।

.................................................................................

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने कल आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

देश भर के 14 राज्यों के 57 शहरों में विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर होने वाली इस परीक्षा में 24 लाख से ज्यादा परीक्षार्थी भाग लेंगे। यह परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम 5 बजकर, 20 मिनट तक चलेगी।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने परीक्षार्थियों से कहा है कि वे अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड करके साथ लेकर आएं। प्रवेश पत्र में परीक्षार्थी की फोटो, हस्ताक्षर और रोल नंबर बारकोड होना अनिवार्य है।

हरियाणा के सिरसा और पलवल में नीट के मद्देनज़र धारा-144 लगा दी गई है। परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में फोटोस्टैट की सभी दुकानें एवं कोचिंग संस्थान बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

.................................................................................

रेवाड़ी में शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव को लेकर लोगों में विश्वास पैदा करने के उद्देश्य से जिला पुलिस की ओर से आज बावल व कोसली क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व बावल के उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सांगवान व कोसली के उप पुलिस अधीक्षक जयसिंह ने किया। फ्लैग मार्च में भारत तिब्बत पुलिस बल के जवान भी शामिल हुए। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से भयमुक्त मतदान करने की अपील की गई।

उपपुलिस अधीक्षक नरेंद्र सांगवान ने कहा कि निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव करवाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद व तैयार है। चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी व लोगों में भय पैदा करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई

की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले के संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों पर सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम रहेंगे।

.................................................................................

सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी ने भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से राव बिरेंद्र को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

राव बिरेंद्र ने बताया कि वे परसों 6 मई को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। राव बिरेंद्र ने कहा कि उनका चुनाव लड़ने का उद्देश्य प्रत्येक जन की आवाज को लोकसभा तक पहुंचाना है, ताकि लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करवाया जा सकें।

.................................................................................

हरियाणा  किकबॉक्सिंग संघ द्वारा फरीदाबाद में आयोजित दो दिवसीय "23वी ऑल हरियाणा स्टेट किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का उदघाटन आज विधायक नरेंद्र गुप्ता ने किया। 'हरियाणा किकबॉक्सिंग संघ के संस्थापक महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया कि चैंपियनशिप में राज्य के 16 जिलों के 400 खिलाड़ियों  के अलावा हरियाणा पुलिस की टीम के खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं।इस प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर आगामी "राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप" के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

.................................................................................